# अमेरिकन चैंबर और इन्वेस्ट यूपी के बीच जल्द होगा एमओयू

लखनऊ। अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स इन इंडिया और इन्वेस्ट यूपी के बीच जल्द ही एमओयू होगा। यह समझौता प्रदेश में औद्योगिक व व्यावसायिक गतिविधियों और निवेश आकर्षित करने के लिए किया जाएगा। शासन ने यूपी इन्वेस्ट के सीईओ से एमओयू का मसौदा देने को कहा है, ताकि संबंधित शासनादेश तैयार हो सके। इसमें विदेश मंत्रालय के स्टेट डिवीजन की सलाह, एमओयू में इन्वेस्ट यूपी की कानूनी स्थिति, अमेरिकन चैंबर से शुल्क के चालान की प्रति, चैंबर की ओर से दस्तखत के लिए तय अधिकारी आदि ब्यौरा मांगा गया है। पूर्व में न्याय विभाग से स्वीकृत होने के बाद हुए एमओयू की प्रति उपलब्ध कराने के लिए भी कहा गया है। ब्यूरो